Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding 80-90% funding for Sungajan and Tengani crossing

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): माननीय अध्यक्ष जी, पूर्व में परंपरा रही है कि उत्तर-पूर्वांचल के जितने भी प्रोजेक्ट्स हैं, उनमें केंद्रीय सरकार 90 या 80 प्रतिशत फंडिंग देती है और उत्तर पूर्वांचल राज्य 10 या 20 प्रतिशत फंडिंग देते हैं। जब मैंने रेलवे विभाग से दरख्वास्त की कि हमारे लोकसभा क्षेत्र में सुंगाजान और टेगानी में लैवल क्रॉसिंग चाहिए तो रेलवे विभाग से उत्तर आता है कि आरओबी या आरयूबी की पूरी 100 प्रतिशत फंडिंग राज्य सरकार से आती है।

मेरी दरख्वास्त है कि रेलवे विभाग पुरानी परंपरा के तहत आरओबी और आरयूबी, जो उत्तर पूर्वांचल के राज्यों में हैं, विशेष रूप से मेरे लोकसभा क्षेत्र सुंगाजान और टेगानी में है, उनमें 80:20 या 90:10 प्रतिशत फंडिंग का व्यवहार करें। धन्यवाद।